BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट

जनपद भदोही **दिनांक-03.02.2025**

◆श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा गैंगस्टर/पेशेवर अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही

◆गैंगस्टर एक्ट में वांछित/गौ तस्करी करने वाले गिरोह के दो अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

◆थाना औराई पुलिस टीम को मिली कामयाबी

◆पूर्व में गिरोह के गौ तस्करों को पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाये जा रहे 02 राशि गाय के साथ किया गया था गिरफ्तार

कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा शातिर/पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। गैंगस्टर/वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज दिनांक-03.02.2025 को थाना औराई पुलिस टीम द्वारा गौवंश बरामदगी व तस्करों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0-176/2024 धारा-3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित/गौ तस्करी में लिप्त गिरोह के दो अभियुक्तों- राहुल यादव उम्र करीब 24 वर्ष व ओमप्रकाश यादव उम्र करीब 30 वर्ष पुत्रगण अमर सिंह यादव निवासीगण खोदायपुर थाना उतरांव जनपद प्रयागराज को ग्राम नटवां के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारशुदा गैंगस्टर अभियुक्त गौ तस्करी में लिप्त गिरोह के सदस्य हैं। पूर्व में जनपदीय पुलिस द्वारा गिरोह के गौ तस्करों को पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाये जा रहे 02 राशि गाय के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

गिरफ्तारशुदा गैंगस्टर अभियुक्तों का नाम व पता-

1.राहुल यादव पुत्र अमर सिंह यादव निवासी खोदायपुर थाना उतरांव जनपद प्रयागराज उम्र करीब 24 वर्ष

2.ओमप्रकाश यादव पुत्र अमर सिंह यादव निवासी खोदायपुर थाना उतरांव जनपद प्रयागराज उम्र करीब 30 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

प्रभारी निरीक्षक औराई, अंजनी कुमार राय उ0नि0 नथुनी सिंह, उ0नि0 वीरेंद्र नाथ यादव, उ0नि0 सुजीत सेठ, हे0का0 प्रवीण राय, हे0का0 कमलेश यादव थाना औराई जनपद भदोही